


## रन बनाते ही पंत बड़े खिलाड़ी बन जाएंगेः राठौर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा है कि उनमें ढेर सारी प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि पंत अगर एक बार रन बनाना शुरू कर देते हैं तो वह एक बड़ा खिलाड़ी बन जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे मैच में वेस्ट इंडीज का सामना करेगी। राठौर ने मैच की पूर्वसंध्या पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम उन पर (पंत पर) इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि उनके अंदर काफी क्षमता है और हर किसी का मानना है कि वह किसी भी टीम के लिए एक्स–फेक्टर बन सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ने उनका समर्थन किया है क्योंकि हम सभी का मानना है कि वह एक अच्छे खिलाड़ी हैं। एक बार अगर वह रन बनाना शुरू कर देते हैं तो मुझे विश्वास है कि वह एक बड़ा खिलाड़ी बन जाएंगे।' आप पहले बल्लेबाजी करते हैं तो फिर दूसरे तरह की बात होती है।' उन्होंने कहा, ''जब टारगेट का पीछा करते हैं तो फिर हमें अपने गेम प्लान के बारे में अच्छे से पता होता है। हमने पिछली बार अच्छी बल्लेबाजी की थी और हम उसे कायम रखना चाहते हैं।'

# भुवनेश्वर की चोट ने खोली पोल, फिर सवालों में एनसीए

### सवाल

## बुमराह और पंड्या ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जाने से किया इनकार




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भुवनेश्वर कुमार की चोट ने एक बार फिर 'भानुमती के पिटारे' को खोल दिया है। इस चोट ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में काम कर रहे विशेषज्ञों की योग्यता पर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि उन्होंने भुवनेश्वर को क्लीन चिट दे दी थी। अब ऐसी खबरें हैं कि हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह ने भी रीहैब के लिए एनसीए जाने से इनकार कर दिया है।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि प्रोटोकॉल के मुताबिक अनुबंधित खिलाड़ियों को रीहैब के लिए एनसीए जाना पड़ता है लेकिन पंड्या और बुमराह ने साफ कर दिया है कि वह बेंगलुरु नहीं जाएंगे। अधिकारी ने कहा, 'पंड्या और बुमराह दोनों ने टीम मैनेजमेंट से साफ कह दिया है कि वह रीहैब के लिए अकादमी नहीं जाएंगे और इसलिए योगेश परमार पंड्या पर नजर बनाए हुए हैं जबकि नितिन पटेल ने बुमराह पर कड़ी नजर रखी है। हां, यह लोग अनुबंधित खिलाड़ी हैं और उन्हें एनसीए में होना चाहिए था, लेकिन जोखिम ज्यादा है और खिलाड़ी चोटों को लेकर गंभीर हैं। इसलिए एक समय के बाद आपको खिलाड़ियों को आजादी देनी होती है कि वह अपने हित को लेकर फैसले ले सकें।'

भुवनेश्वर को हार्निया की शिकायत है। यह गेंदबाज विश्व कप के बाद से एनसीए से अंदर–बाहर होते रहे हैं क्योंकि उनकी कोशिश 100 फीसदी फिट होने की है। लेकिन एनसीए की टीम उनकी चोट को समझ पाने में असफल रही है और राष्ट्रीय टीम से दो मैच खेलने के बाद ही एक बार फिर वह चोटिल हो गए हैं। अधिकारी ने कहा, 'वह तीन महीने तक एनसीए में थे और बेंगलुरु में उनके कितने टेस्ट हुए, इसमें जाने के बजाए मैं यह कह सकता हूं कि उनकी सभी तरह से जांच कर ली गई थी। लेकिन उनका हार्निया ठीक नहीं हुआ। जैसे ही मुंबई में दोबारा उनकी जांच की गई यह सामने आ गया।' उन्होंने कहा, 'ऐसा पहली बार नहीं है कि खिलाड़ी को एनसीए में इस तरह की परेशानी हुई हो। ऋद्धिमान साहा का भी एक उदाहरण हमारे सामने है और अब वह न्यू जीलैंड के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। हम सब जानते हैं कि वह टीम में क्या लेकर आते हैं। उनके पास स्विंग और सीम है। वह सर्जरी कराएंगे और आईपीएल के समय तक वापसी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'अच्छी बात यह है कि भुवनेश्वर ने टीम प्रबंधन को जल्दी बता दिया कि उन्हें परेशानी हो रही है और नितिन तथा सपोर्ट स्टाफ ने भी उस पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। हमने प्रोटोकॉल का पालन किया था।

# नीलामी में शामिल होगा 14 साल का अफगान स्पिनर नूर अहमद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के लिए खिलाड़ियों के नाम शॉर्ट लिस्ट हो चुके हैं। शुरुआत में 971 खिलाड़ियों ने खुद को रजिस्टर किया था जिसमें से 332 के नाम ही शॉर्ट लिस्ट हुए हैं। इन खिलाड़ियों में जहां एक ओर पैट कमिंस, आरोन फिंच से लेकर इयॉन मॉर्गन जैसे बड़े खिलाड़ी हैं वहीं प्रियम गर्ग और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी भी हैं। लेकिन इस बीच दो खिलाड़ी ऐसे भी हैं जिन्होंने अलग वजह से सुर्खियां बटोरी हैं। पहले हैं प्रवीण तांबे। वह नीलामी में जाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। तांबे की उम्र 48 साल है। और दूसरे 14 साल के युवा अफगान चाइनामैन

### आईपीएल के लिए 332 के नाम ही शॉर्ट लिस्ट हुए

नूर अहमद। तांबे राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं लेकिन जनवरी में 15 साल के होने वाले अहमद पहली बार आईपीएल की नीलामी का हिस्सा बनेंगे।

क्रिकइंफो के मुताबिक अफगानिस्तान के इस स्पिनर का जन्म 3 जनवरी 2005 को हुआ। अहमद ने अंडर–19 एशिया कप और भारत के खिलाफ अंडर–19 सीरीज सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। पिछले साल पूर्व कप्तान और राष्ट्रीय चयनकर्ता रईस अहमदजई ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। अंग्रेजी वेबसाइट स्पोर्ट्स स्टार को रईस ने बताया, मैंने अंडर–19 ट्रायल के दौरान पहली बार उसे देखा। जब मैं अंडर–19 टीम का हेड कोच बना तो मैंने फौरन उसे टीम में चुन लिया। उसने अच्छा प्रदर्शन किया। मैं उसकी गेंदबाजी से काफी प्रभावित था।

अहमदजई ने कहा, श्उसे देखते ही मुझे अहसास हो गया कि यह लड़का सर्वोच्च स्तर पर क्रिकेट खेल सकता है। जिस तरह वह गेंदबाजी कर रहा था खास तौर पर दाएं हाथ के बल्लेबाजों को रॉन्ग वन फेंक रहा था वह शानदार था। नूर को राजस्थान रॉयल्स ने ट्रायल्स के लिए बुलाया था और अहमदजई को लगता है कि आईपीएल अनुबंध से इस युवा खिलाड़ी के कॉन्फिडेंस में काफी इजाफा होगा। अहमदजई ने कहा, आईपीएल नीलामी से काफी आत्मविश्वास आता है और इससे हमारी टीम को वर्ल्ड कप में भी काफी फायदा होगा।

## नीलामी से पहले रिकी पॉन्टिंग दिल्ली कैपिटल्स के प्रबंधकों से मिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग ने कहा कि अगले सप्ताह प्रस्तावित आईपीएल नीलामी में उनकी फ्रैंचाइजी की कोशिश 'विदेशी तेज गेंदबाजों' को टीम के साथ जोड़ने की होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने संभावित खिलाड़ियों की पहचान कर ली है। पॉन्टिंग ने फ्रैंचाइजी प्रबंधन से मुलाकात कर टीम नीलामी पर चर्चा की। पॉन्टिंग ने कहा, 'पिछले कुछ महीने में हमने इस मुद्दे पर काफी चर्चा की है और हमने इस पर काफी समय दिया है और हमारी कोशिश है कि अच्छे से तैयार रहें। आप दुनिया की सारी योजना बना कर भी जाएं तब भी नीलामी के दौरान कुछ अप्रत्याशित होने की हमेशा संभावना होती है।श दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल का खिताब नहीं जीता है लेकिन टीम में कई विश्वस्तरीय खिलाड़ी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'नीलामी में हमारा ध्यान तेज गेंदबाजों पर होगा, खासकर विदेशी गेंदबाजों पर। पैट कमिंस और क्रिस वोक्स पर बड़ी बोली लग सकती है। मेरी नजर में हरफनमौला खिलाड़ी हमेशा खास होते हैं। ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस, मिशेल मार्श, जिम्मी नीशाम, कोलिन डी ग्रैंडहोम पर भी बड़ी बोली लग सकती है।'

## न्यूज डायरी



### मुझे पता है कि अलग फॉर्मेट में खुद को कैसे ढालते हैंः मयंक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय ओपनर मयंक अग्रवाल अब वनडे में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। मयंक को चोटिल शिखर धवन की जगह वेस्ट इंडीज के खिलाफ रविवार से यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू हो रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पर एक विडियो पोस्ट किया है, जिसमें मयंक 'चहल टीवी' पर स्पिनर युजवेंद्र चहल के साथ बातचीत कर रहे हैं। मयंक ने कहा, 'अगर मैं आगे भी इसी तरह से खेलता रहा तो यह मेरे लिए अच्छा होगा क्योंकि मुझे खाली बैठने की जगह क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा।' उन्होंने कहा, 'जब फॉर्मेट में बदलाव के कारण मानसिकता बदलने की बात आती है तो आपका बेसिक्स (स्वाभाविक खेल) वही रहता है।

### न्यू जीलैंड के पूर्व ओलिंपिक चौंपियन धावक स्नेल का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। तीन बार के ओलिंपिक चौंपियन और विश्व मील रेकॉर्ड धारक पीटर स्नेल का डलास में निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। मध्यम दूरी के महानतम धावकों में से एक माने जाने वाले स्नेल ने 1960 रोम ओलिंपिक में 21 बरस की उम्र में 800 मीटर दौड़ का खिताब जीता। वह तोक्यो 1964 खेलों में 800 मीटर और 1500 मीटर का दोहरा खिताब जीतने में सफल रहे। स्नेल 1920 के बाद एक ही ओलिंपिक में 800 मीटर और 1500 मीटर का खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी थे। उनके बाद कोई भी पुरुष धावक इस कारनामे को दोहरा नहीं पाया है। स्नेल ने राष्ट्रमंडल खेलों में भी दो गोल्ड मेडल जीते। उन्होंने पर्थ में 1962 में 880 यार्ड और एक मील की दौड़ जीती। स्नेल के निधन की पुष्टि उनके पारिवारिक मित्र और न्यू जीलैंड के खेल इतिहासविद् रोन पालेनस्की ने की है जो न्यू जीलैंड के स्पोर्ट्स हाल आफ फेम के प्रमुख हैं।

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को साउथ अफ्रीका के पाक दौरे की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को उम्मीद है कि साउथ अफ्रीका अगले साल मार्च में संक्षिप्त सीरीज के लिए टीम को पाकिस्तान दौरे पर भेजेगा। इस दौरे पर तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान के निवेदन को अस्वीकार कर दिया है जिस पर पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी बोर्ड से बातचीत जारी है। खान ने कहा, 'उन्होंने (साउथ अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड) हमारे निमंत्रण पर सकारात्मक रूख अपनाया है। हम इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि वे टी20 सीरीज के लिए यहां आएंगे। पाकिस्तान ने आयरलैंड और अफगानिस्तान की टीमों को भी टेस्ट और सीमित ओवरों की सीरीज के लिए आमंत्रित किया है।

### रणजी ट्रॉफी के लिए नमन ओझा को मध्यप्रदेश टीम की कमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। अनुभवी क्रिकेटर नमन ओझा पर भरोसा बरकरार रखते हुए चयनकर्ताओं ने उन्हें रणजी ट्रॉफी टूर्नमेंट के शुरुआती दो मैचों के लिए मध्यप्रदेश की टीम की कमान सौंपी है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस प्रतिष्ठित घरेलू स्पर्धा में मध्यप्रदेश की टीम 17 से 20 दिसंबर के बीच बड़ौदा से भिड़ेगी। टीम दूसरा मैच 25 से 28 दिसंबर के बीच तमिलनाडु के खिलाफ खेलेगी। उन्होंने बताया कि दोनों मुकाबले इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले जाएंगे। रणजी ट्रॉफी के शुरुआती दो मैचों के लिए मध्यप्रदेश की 16 सदस्यीय टीम में शुभम शर्मा को उपकप्तान बनाया गया है। टीम इस प्रकार है रू नमन ओझा (कप्तान), शुभम शर्मा (उप कप्तान), अजय रोहेरा, आदित्य श्रीवास्तव, रमीज खान, रजत पाटीदार, यश दुबे, आनंद बैस, मिहिर हिरवानी, कुमार कार्तिकेय सिंह, ईश्वर पांडे, आवेश खान, कुलदीप सेन, गौरव यादव, हिमांशु मंत्री और गौतम रघुवंशी।